Y20 परामर्श कार्यक्रम

हाल ही में **भारत की G20 अध्यक्षता** के एक भाग के रूप में **यूथ20 (Y20) समूह** का Y20 परामर्श कार्यक्रम कश्मीर विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया, इसमें देश के बेहतर भविष्य के लिये युवाओं ने विचारों का आदान-प्रदान किया और **'जलवायु परिवर्तन एवं आपदा जोखिम में कमी: स्थिरता को जीवन जीने का एक तरीका बनाने'** पर एक्शन प्लान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

FVOLGTKOY20 परामर्श कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएँ:

- पृष्ठभूमि:
  - **भारत ने 1 दिसंबर, 2022 को 1 वर्ष की अवधि के लिये यानी 30 नवंबर, 2023 तक G20 की अध्यक्षता ग्रहण की हैं।** अध्यक्षता के लिये भारत की थीम **'वसुधैव कुटुंबकम'** (जो महा उपनिषद के प्राचीन संस्कृत पाठ से लिया गया है) की सभ्यतागत मूल्य प्रणाली में निहित है। अतः हमारी थीम है- **'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य'**।
    - G20 अध्यक्षता के ढाँचे के तहत **युवा मामलों के विभाग** को **यूथ 20 समिट- 2023** आयोजित करने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है।
  - यूथ20 जो कि G20 के **आधिकारिक रूप से शामिल समूहों में से एक** है, युवाओं को G20 की प्राथमिकताओं पर अपने **दृष्टिकोण एवं विचारों को व्यक्त करने हेतु एक मंच प्रदान करता** है।
- **पाँच थीम:**
  - जलवायु परिवर्तन एवं आपदा जोखिम में कमी**: स्थिरता को जीवन जीने का एक तरीका बनाना**
  - कार्य का भविष्य: उद्योग 4.0, नवाचार, और 21वीं सदी के कौशल
  - शांति निर्माण और सुलह: युद्ध रहित युग की शुरुआत
  - साझा भविष्य: लोकतंत्र और शासन में युवा
  - स्वास्थ्य, कल्याण और खेल: युवाओं हेतु एजेंडा
- **सहभागिता:**
  - इंडोनेशिया, मैक्सिको, तुर्किये, रूस, जापान, कोरिया गणराज्य, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राज़ील और नाइजीरिया जैसे **G20 देशों के 17 युवा प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया।**
  - कश्मीर विश्वविद्यालय और जम्मू-कश्मीर के आसपास के विद्यालयों के छात्रों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।
- **चर्चा के क्षेत्र:**
  - इसमें निम्नलिखित चार प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई:
    - जैवविविधता और मानव कल्याण पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव
    - सुरक्षित भविष्य के लिये आपदा जोखिम न्यूनीकरण
    - हरित ऊर्जा- नवाचार और अवसर
    - जल संसाधन- चुनौतियाँ और संभावनाए

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/y20-consultation-event